BUNGE

Bunge उद्योग को आगे बढ़ाने की प्रतिभा और प्रौद्योगिकी के साथ प्रमुख कृषि व्यवसाय समाधान कंपनी है।

हमारे चुस्त कार्यबल, बढ़ी हुई वैश्विक उपस्थिति, प्रमुख बाजारों तक पहुँच में वृद्धि और सभी प्रमुख फसलों को कवर करने वाले विविध कृषि नेटवर्क के साथ, Bunge मौसमी चक्रों, मौसम और अन्य जोखिमों को नेविगेट करने, **किसानों को दुनिया के लिए आवश्यक भोजन, चारा और ईंधन पहुंचाने के लिए उपभोक्ताओं से बेहतर ढंग से जोड़ने** में सक्षम है।

अंतर पैदा करना

हम ऐसे लोगों का समुदाय हैं जो आज दुनिया के सामने मौजूद कुछ सर्वाधिक गंभीर चुनौतियों का निराकरण कर रहे हैं। हम – खाद्य सुरक्षा से लेकर नवीन नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों तक – की इन चुनौतियों को बदलाव लाने के अवसरों के रूप में देखते हैं।

सहयोग और मूल्यवर्धित साझेदारियों के माध्यम से, हमारी टीमें हमें हमारे उद्योग में सर्वाधिक गतिशील कंपनी बनाने का काम कर रही हैं। खेत से उपभोक्ता तक, हम उत्पादन, वितरण प्रवाह, गुणवत्ता और जोखिम का प्रबंधन करते हैं तथा पूरी तरह से एकीकृत शुरु से अंत तक मूल्य श्रृंखलाओं में पारदर्शिता प्रदान करते हैं।

BUNGE आज

वैश्विक रूप से **~37,000 पेशेवरों** को रोजगार देती है

अमेरिका, यूरोप और एशिया में **~20 नवाचार केंद्रों** में प्रबंधन करती है

पूरी दुनिया से **230+ मिलियन मीट्रिक टन वस्तुओं और उत्पादों** की सोर्सिंग करती है

इसके पास **300+ भंडारण सुविधा केंद्र** हैं जिसका यह प्रचालन करती है

किसी भी दिए गए समय बिंदु पर **40+ पोर्ट टर्मिनलों** के माध्यम से मजबूत आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा करती है और **400 समुद्री जहाजों** का इस्तेमाल करती है

155+ संसाधन, शोधन और पैकेजिंग सुविधाकेंद्रों के माध्यम से तिलहन और अनाजों को रुपांतरित करती है

इसका **50+ देशों** में प्रचालन है

हमारे एकीकृत, वैश्विक प्रचालनों में पूरी दुनिया के ग्राहकों को कृषि वस्तुओं और कमोडिटी उत्पादों की खरीद, भंडारण, परिवहन, प्रसंस्करण, बिक्री और वितरण शामिल है। हम वित्तीय, जोखिम प्रबंधन और लॉजिस्टिक सेवाएं भी प्रदान करते हैं।

हम अपने नेटवर्क के माध्यम से जिन वस्तुओं को सोर्स करते और विपणन करते हैं, वे आज की दुनिया में आवश्यक हैं। भोजन आपूर्ति श्रृंखला प्रदान करने वाले अनाज और बीजों से लेकर, हमें कपड़े देने वाले कपास, और कारों तथा कारखानों को बिजली देने वाले ऊर्जा उत्पादों तक, हम जो कुछ भी करते हैं, वह आधुनिक जीवन के कई हिस्सों को छूता है।

दस्तावेज़ को Q1 2025 में तैयार किया गया: मुद्रण के समय तक संख्याएं सही थीं और उनमें बदलाव हो सकता है।

वैश्विक कृषि का रूपांतरण करना

हम सभी हितधारकों को सतत रूप से मूल्य प्रदान करने की उद्योग की क्षमता की फिर से कल्पना कर रहे हैं।

कर्मचारी

हमारी विशेषज्ञता, नवाचार की संस्कृति, उत्पादों का अद्वितीय पोर्टफोलियो और तकनीकी रूप से उन्नत समाधान हमें उद्योग की सर्वाधिक गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान करते हैं। हम कर्मचारियों के लिए उनके पूरे करियर के दौरान आगे बढ़ने और विकसित होने की संभावनाओं के साथ समावेश और जुड़ाव की संस्कृति को प्राथमिकता देते हैं।

किसान

दुनिया भर में किसानों के हमारे व्यापक नेटवर्क के साथ काम करते हुए, हम बेहतर आपूर्ति श्रृंखला और व्यापक वैश्विक बाजार पहुँच प्रदान करते हैं, किसानों को स्मार्ट, तेज और सरल तरीकों से उपभोक्ताओं से जोड़ते हैं।



ग्राहक

हम ग्राहक केंद्रित हैं। हम दुनिया के हर हिस्से में आहार की बदलती ज़रूरतों और रुझानों को पूरा करने के लिए काम करते हैं, और हम दुनिया की कुछ सबसे जानी मानी खाद्य कंपनियों को सामग्री और तकनीकी जानकारी प्रदान करते हैं। हमारा विस्तारित वैश्विक पोर्टफोलियो अधिक सुसंगत आपूर्ति और उपलब्धता को सहयोग देता है, जिससे हमारे ग्राहकों की उच्च-मूल्य, अधिक संपोषणीय उत्पादों तक ज्यादा पहुँच बन पाती है।

समुदाय

हम अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में संपोषणीय कृषि पद्धतियों का निर्माण कर रहे हैं और ऐसी परियोजनाओं का समर्थन कर रहे हैं जो पर्यावरण की रक्षा करती हैं, मानवाधिकारों का सम्मान करती हैं और किसानों, कर्मचारियों तथा स्थानीय समुदायों के आर्थिक कल्याण में बेहतरी लाती हैं। हम वित्तीय और वस्तुगत उपहारों के साथ-साथ कर्मचारी स्वयंसेवी प्रयासों के माध्यम से स्थानीय सामाजिक कार्यक्रमों को भी सहयोग प्रदान करते हैं।

संपोषणीय समाधानों को बढ़ावा देना

हम अपनी वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में कम कार्बन वाले समाधानों के विकास में तेजी ला रहे हैं।

जलवायु पर ठोस प्रगति के लिए साहसिक कदम उठाने, नवाचार को अपनाने और सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। यही कारण है कि हम न केवल अपने स्वयं के पर्यावरणीय फुटप्रिंट को कम करने के लिए, बल्कि आपूर्तिकर्ताओं और ग्राहकों को कार्बन कम करने की उनकी यात्रा में मदद के लिए अपनी मूल्य श्रृंखलाओं में समाधानों को लागू कर रहे हैं।

हमारे दृष्टिकोण ने विकास के नए अवसर खोल दिए हैं, जिसमें नवीकरणीय ईंधन उत्पादन के लिए एक प्रमुख फीडस्टॉक आपूर्तिकर्ता बनना, पुनर्योजी कृषि पर किसानों के साथ काम करना और पर्यावरणीय रूप से संपोषणीय तरीके से नए बीज और पौधे-आधारित प्रोटीन विकसित करना शामिल है।

हमारे साथ जुड़ें!
Bunge के बारे में ज्यादा जानें।

BUNGE